देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 04.01.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार कार्यक्रम में अब तक कुल 216 जनसेवा शिविरों में 1,44,134 नागरिकों ने सहभागिता की है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा–प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत प्रदेश में 327 करोड़ की लागत से ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया जा रहा है।
- पौड़ी जिले में जनसमस्याओं के त्वरित और प्रभावी निराकरण के लिए वर्ष 2026 के लिए तहसील दिवसों का तहसीलवार रोस्टर जारी।
- प्रदेश भर में मौसम शुष्क बना हुआ है। ऊँचाई वाले क्षेत्रों में हुई बर्फबारी के कारण शीतलहर का प्रकोप जारी है।

जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार

प्रदेश में चलाए जा रहे जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार कार्यक्रम में अब तक कुल 216 जनसेवा शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 1,44,134 नागरिकों ने सहभागिता की है। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीण, पर्वतीय और दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को पहली बार एक ही मंच पर अपनी समस्याओं के समाधान और सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। कार्यक्रम के दौरान अब तक कुल 18,360 शिकायतें और प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 13,068 मामलों का मौके पर या त्वरित प्रशासनिक कार्रवाई के माध्यम से निस्तारण किया जा चुका है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" कार्यक्रम प्रदेश में शासन की सोच को बदलने वाला अभियान है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड में कनेक्टिविटी को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत प्रदेश में 327 करोड़ की लागत से विभिन्न ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इससे न केवल दूरस्थ और सीमांत क्षेत्रों तक आवागमन आसान होगा, बल्कि राज्य के समग्र विकास को भी नई गति मिलेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्राप्त होगी।

उत्तरायणी मेले

बागेश्वर के ऐतिहासिक और पौराणिक पहचान के प्रतीक उत्तरायणी मेले को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए तैयारियां शुरू हो गई है। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने विकास भवन में गूगल मीट के माध्यम से विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने आगामी 13 से 20 जनवरी तक आयोजित होने वाले मेले की तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने 10 जनवरी तक सभी तरह के कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। मेले की भव्यता को लेकर उन्होंने सिंचाई विभाग को घाटों की विशेष सफाई और दीवारों की पुताई समय रहते पूरी करने को कहा। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों को एक्टिव मोड में रहकर आपसी तालमेल से काम करने को कहा। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने भी मेले को दिव्य और सुंदर बनाने के लिए अपने सुझाव साझा किए।

रेल

पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे आगामी 10 जनवरी से नैनीताल जिले के लालकुआं से कर्नाटक के बंगलुरू के बीच साप्ताहिक पूजा स्पेशल रेलगाड़ी को संचालन करेगा। वातानुकूलित बोगियों सहित कुल 22 बोगी वाली यह रेलगाड़ी लालकुआं से अपराह्न पांच बजकर पचपन मिनट पर प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन अपराह्न तीन बजकर पच्चीस मिनट पर केएसआर बंगलुरू सिटी पहुंचेगी।

पौड़ी

पौड़ी जिले में जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए वर्ष 2026 के लिए तहसील दिवसों का तहसीलवार रोस्टर जारी कर दिया गया है। पौड़ी में प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को नियमित रूप से तहसील दिवस आयोजित किए जाएंगे। तहसील दिवस के दौरान आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाएगा और संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा शिकायतों का यथासंभव मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने बताया कि तहसील दिवस आम जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। वर्ष 2026 के लिए जारी रोस्टर से प्रत्येक क्षेत्र के नागरिकों को समयबद्ध रूप से अपनी समस्याएं रखने का अवसर मिलेगा। प्रशासन की प्राथमिकता है कि जनसमस्याओं का समाधान पारदर्शिता, संवेदनशीलता और गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आमजन से अपील की है कि निर्धारित तिथियों पर संबंधित तहसील में पहुंचकर अपनी समस्याएं दर्ज कराएं, ताकि उनका त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।

मौसम

और अब एक नज़र आज के मौसम पर... प्रदेश भर में मौसम शुष्क बना हुआ है। ऊँचाई वाले क्षेत्रों में हुई बर्फबारी के कारण पूरे प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप जारी है। शीतलहर को देखते हुए हरिद्वार जिले में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 5 से 10 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आज भी शीतलहर जैसी स्थिति रहेगी। आने वाले दिनों की बात करे तो आगामी नौ जनवरी तक प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। उधर गंगोत्री धाम में अभी तक बर्फबारी नहीं हुई है। इसके बावजूद बारह माह पानी से सदाबहार रहने वाले छोटी–बड़ी नदियां पूरी तरह जम चुकी हैं। दूसरी ओर बर्फ न गिरने के कारण सेब बागवान और अन्य काश्तकार निराश नजर आ रहे हैं। गंगोत्री में इन दिनों तापमान जीरो डिग्री से लेकर माइनस 11 से 12 डिग्री सेल्सियस जा रहा है। इसके बावजूद वहां पर इन दिनों करीब 25 साधु साधनारत हैं। इसके साथ ही गंगोत्री नेशनल पार्क के छह और पुलिस के दो कर्मचारी सहित गंगोत्री मंदिर समिति के कर्मचारी तैनात हैं। कनखू बैरियर इंचार्ज राजवीर रावत ने बताया कि गंगोत्री धाम में इस सीजन में अभी तक बर्फबारी नहीं हुई है।

एग्रीस्टैक योजना

केंद्र की पहल पर किसानों के हित में एग्रीस्टैक योजना शुरू की गई है। यह एक महत्वाकांक्षी डिजिटल कृषि पहल है, जिसका उद्देश्य किसानों से जुड़ी भूमि, फसल एवं कृषि गतिविधियों से संबंधित समस्त महत्वपूर्ण जानकारियों को एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रूप से संकलित करना है, जिससे विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से किसानों तक सुनिश्चित किया जा सके।

एग्रीस्टैक योजना के अंतर्गत प्रत्येक किसान को डिजिटल किसान पहचान (डिजिटल फार्मर आईडी) प्रदान की जाएगी। रुद्रप्रयाग के जिला मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र बिष्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 5 जनवरी को इस कार्य के संबंधित कार्मिकों का प्रशिक्षण जिला सभागार में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 6 जनवरी से 15 फरवरी तक जनपद के तीनों विकासखंडों की समस्त ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित कर फार्मर रजिस्ट्री कराई जाएगी।

निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग ने ई.सी.आई नेट ऐप में सुधार के लिए लोगों से सुझाव मांगे हैं। इस ऐप पर 10 जनवरी तक सुझाव दिए जा सकते हैं। आयोग ने मतदाताओं को बेहतर सेवाएं और चुनाव संबंधी जानकारी देने के लिए ये डिजिटल मंच बनाया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार ऐप का परीक्षण बेहतर मतदाता सेवाएं, मतदान प्रतिशत रुझानों की त्वरित उपलब्धता और मतदान समाप्त होने के 72 घंटों के भीतर सूचकांक

कार्डों का प्रकाशन प्रदान करता है। आयोग ने कहा कि नागरिकों से प्राप्त सुझावों की जांच की जाएगी और उपयोगकर्ता अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए उन्हें शामिल किया जाएगा। ई.सी.आई नेट प्लेटफॉर्म को इस महीने के अंत में आधिकारिक रूप से लॉन्च किया जाना है। यह ऐप गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर दोनों पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है।

चमोली

चमोली के उपजिलाधिकारी चमोली आर के पाण्डेय ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम व वीवीपैट मशीनें डबल लॉक में सुरक्षित पाई गई। इस दौरान उपजिलाधिकारी ने वेयर हाउस में विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, साफ सफाई और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया।